भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1546
बुधवार, 31 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

लू के कारण होने वाली मौतें

†1546. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत दस वर्षों के दौरान देश के विभिन्न भागों में लू से संबंधित ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत दस वर्षों के दौरान देश में लू के कारण हुई मौतों की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ग) ऐसी लू के दौरान लोगों को बचाने के लिए सरकार द्वारा किए गए/किए जाने वाले उपायों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार की चुनाव के दौरान लू के कारण डयूटी के दौरान मरने वाले सरकारी कर्मचारियों के परिवारों को मुआवजा देने की योजना है/ बना रही है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) पिछले 10 वर्षों के दौरान भारतीय क्षेत्र में प्रेक्षित किए गए लू वाले दिनों की संख्या का विवरण अनुलग्नक-1 में दिया गया है।

(ख) राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB), गृह मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए अनुसार विवरण अनुलग्नक-2 में दिए गए हैं।

(ग) भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने निगरानी और पूर्व चेतावनी प्रणाली में सुधार करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं, जिससे लू समेत प्रतिकूल मौसमी घटनाओं के दौरान जान-माल की हानि को कम करने में सहायता मिली है। इनमें शामिल हैं:

i. तापमान तथा लू संबंधी स्थितियों का ऋतुनिष्ठ तथा मासिक आउटलुक, और उसके पश्चात विस्तारित अवधि पूर्वानुमान जारी करना।
ii. भारत में जिला-वार लू सुभेद्यशीलता एटलस, जिससे राज्य सरकार प्राधिकरणों एवं आपदा प्रबंधन एजेंसियां को योजना बनाने तथा उचित कार्रवाई करने में सहायता मिल सके।
iii. भारत में गर्म मौसम से उत्पन्न होने वाले जोखिमों का विश्लेषण, जिसमें दैनिक तापमान, हवा तथा आर्द्रता की स्थितियां शामिल हैं।
iv. समग्र देश के लिए हीट इंडेक्स पूर्वानुमान तथा जिला स्तरों पर लू संबंधी स्थितियों का प्रभाव-आधारित पूर्वानुमान।
v. वेब-जीआईएस प्लेटफॉर्म पर रियल टाइम लू सूचना तथा चेतावनियां।
vi. राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (NDMA) द्वारा राज्य सरकारों के साथ सहयोग में लू स्थितियों की अधिक संभावना वाले 23 राज्यों में संयुक्त रूप से हीट एक्शन प्लान (HAPs) क्रियान्वित किए गए।
vii. समय पर सार्वजनिक पहुंच के लिए यूट्यूब, फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स प्लेटफॉर्म, इंस्टाग्राम आदि जैसी प्रसारण प्रणालियों के आधुनिक उपकरणों का उपयोग करने के साथसाथ पूर्वानुमान और चेतावनी प्रसारण सेवाओं में सुधार।-

(घ) राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के पास इसका समर्थन करने के लिए राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) और राज्य आपदा शमन निधि (SDMF) के माध्यम से अपने संसाधन उपलब्ध हैं। यदि वित्तीय सहायता के लिए राज्यों से कोई अनुरोध आता है, तो केंद्र सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया (NDRF) और राष्ट्रीय आपदा शमन निधि (NDMF) के लिए प्रासंगिक दिशानिर्देशों के अनुसार इस पर विचार करती है।

<u>अनुलग्नक -1</u>

पिछले 10 वर्षों के दौरान भारतीय क्षेत्र में प्रेक्षित किए गए लू वाले दिनों की संख्या का विवरण:

	2015	2016	2017	2018	2019	2020	2021	2022	202	2024
असम एवं मेघालय	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1
एन एम एम टी	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
एसएचडब्लूबी एवं सिक्किम	0	0	0	0	0	0	0	1	15	11
गंगेय पश्चिम बंगाल	3	14	0	3	4	0	3	8	27	31
ओडिशा	14	20	12	4	2	0	3	11	24	37
झारखंड	5	11	2	0	6	0	0	27	16	23
बिहार	4	6	0	3	12	0	0	13	29	30
पूर्वी उत्तर प्रदेश	12	2	9	4	10	2	0	33	11	33
पश्चिमी उत्तर प्रदेश	10	3	11	6	4	2	2	28	5	32
उत्तराखण्ड	2	0	0	0	0	0	0	5	0	10
हरियाणा चंडीगढ़ एवं दिल्ली	6	3	11	4	11	0	2	37	5	30
पंजाब	2	2	7	0	0	0	0	22	3	27
हिमाचल प्रदेश	0	3	4	4	0	0	2	38	0	18
जम्मू एवं कश्मीर एवं लद्दाख	0	0	0	0	2	0	0	19	0	11
पश्चिमी राजस्थान	24	28	28	29	28	5	6	58	3	29
पूर्वी राजस्थान	10	11	14	5	25	0	4	28	0	23
पश्चिमी मध्य प्रदेश	19	18	19	8	19	4	2	42	4	24
पूर्वी मध्य प्रदेश	15	20	19	9	30	0	0	34	13	26
गुजरात क्षेत्र	6	4	8	2	3	0	0	13	1	14
सौराष्ट्र एवं कच्छ	12	3	8	2	9	6	12	25	4	16
कोंकण एवं गोवा	1	0	0	2	0	0	4	2	6	4
मध्य महाराष्ट्र	1	3	1	0	11	2	0	2	1	8
मराठवाड़ा	1	2	0	0	10	3	0	0	0	3
विदर्भ	15	12	22	14	54	0	2	18	11	11
छत्तीसगढ़	9	2	1	3	7	2	0	3	12	13
तटीय आंध्र प्रदेश एवं यनम	8	6	6	2	11	0	0	0	22	11
तेलंगाना	8	6	3	0	14	2	0	0	14	12
रायलसीमा	0	1	0	0	0	0	0	0	1	16
तमिलनाडु, पुडुचेरी एवं कराईकल	0	0	7	0	4	0	2	0	1	13
तटीय कर्नाटक	0	0	0	0	0	0	0	0	2	3
एन.आई कर्नाटक	1	0	0	0	0	0	0	0	0	18
एस.आई कर्नाटक	0	0	0	0	0	0	0	0	0	10
केरल एवं माहे	0	9	0	0	0	0	0	0	0	6

अनुलग्नक -2

वर्ष 2013-2022 के दौरान लू / सन स्ट्रोक के कारण होने वाली मौतों का राज्य / संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण:

क्र.सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	2013	2014	2015	2016	2017	2018	2019	2020	2021	2022
1	आंध्र प्रदेश	418	244	654	312	231	97	128	50	22	47
2	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
3	असम	5	0	0	6	0	0	3	0	0	1
4	बिहार	85	131	86	85	84	64	215	53	57	78
5	छत्तीसगढ़	3	4	2	9	11	1	16	3	2	11
6	गोवा	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
7	गुजरात	26	45	52	32	25	31	27	12	8	5
8	हरियाणा	82	79	34	76	24	56	46	23	14	27
9	हिमाचल प्रदेश	0	1	0	0	0	0	0	0	1	0
10	झारखंड	42	50	96	45	51	42	88	23	33	47
11	कर्नाटक	6	2	0	17	0	0	4	1	0	2
12	केरल	1	0	1	4	1	1	3	0	0	0
13	मध्य प्रदेश	12	33	24	26	34	15	33	7	2	27
14	महाराष्ट्र	80	58	61	96	102	128	159	56	37	90
15	मणिपुर	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
16	मेघालय	0	2	0	0	0	4	0	0	0	0
17	मिजोरम	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0
18	नगालैंड	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
19	ओडिशा	101	78	60	81	99	40	84	13	15	38
20	पंजाब	144	123	99	145	60	38	90	110	91	130
21	राजस्थान	40	45	41	51	35	43	54	23	1	12
22	सिक्किम	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0
23	तमिलनाडु	0	0	0	1	0	0	0	0	2	2
24	तेलंगाना #	-	128	182	216	180	107	156	98	43	62
25	त्रिपुरा	12	2	0	2	0	1	1	2	0	2
26	उत्तर प्रदेश	108	126	487	114	142	176	117	50	35	130
27	उत्तराखण्ड	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
28	पश्चिम बंगाल	45	88	28	18	48	46	49	6	11	18
	कुल राज्य	**1211**	**1239**	**1907**	**1336**	**1127**	**890**	**1274**	**530**	**374**	**729**
29	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
30	चंडीगढ़	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
31	दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव @ +	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
32	दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र	2	9	0	1	0	0	0	0	0	1
33	जम्मू एवं कश्मीर @ *	3	0	1	1	0	0	0	0	0	0

34	लद्दाख @	-	-	-	-	-	-	-	0	0	0
35	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
36	पुडुचेरी	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
	कुल संघ राज्य क्षेत्र	**5**	**9**	**1**	**2**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**1**
	कुल (समस्त भारत)	**1216**	**1248**	**1908**	**1338**	**1127**	**890**	**1274**	**530**	**374**	**730**

राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रदान किए गए आंकड़ों के अनुसार
'+' वर्ष 2013-2019 के दौरान भूतपूर्व दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव संघ राज्य क्षेत्र के संयुक्त आंकड़े
'*' वर्ष 2013-2019 के दौरान लद्दाख समेत भूतपूर्व जम्मू एवं कश्मीर राज्य का आंकड़ा
'#' 2014 के दौरान नव सृजित राज्यों का आंकड़ा
'@' 2020 के दौरान नव सृजित संघ राज्य क्षेत्र का आंकड़ा

स्रोत: राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB), गृह मंत्रालय (MHA)

****